आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–व्यवस्था परिर्वतन से प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र का हो रहा कायाकल्प।

- नववर्ष–2026 के स्वागत के लिए राज्य के पर्यटन स्थलों में उमड़ी सैलानियों की भीड़– प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम– राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बधाई।

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– मॉडर्न टाउनशिप के नाम पर प्रदेश की ज़मीन अपने करीबी कारोबारियों व मित्रों को देने की योजना बना रही है राज्य सरकार।

- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–<u>शिमला</u> शहर में भीड़–भाड़ को कम करने के लिए जाठिया देवी में नया शहर बसाने की योजना।

- अनुकंपा आधार पर नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे करीब 2 सौ पात्र आवेदकों को प्रदेश सरकार ने नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिया नए साल का तोहफा।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि व्यवस्था परिवर्तन से प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र का कायाकल्प हो रह है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लोगों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसके तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए समर्पित सीनियर सिटीजन ओपीडी शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से आईजीएमसी शिमला सहित मेडिकल कॉलेज टांडा, हमीरपुर व नेरचौक और अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपरस्पेशलिटी आयुर्विज्ञान चमियाणा में बोन मैरो ट्रांसप्लांट अधोसंरचना स्थापित करने के लिए प्रत्येक संस्थान को पांच करोड़ रूपए देने की घोषणा की गई है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य संस्थानों की अधोसंरचना में सुधार के साथ–साथ उच्च स्तरीय तकनीक व विशेषज्ञ रोगी देखभाल सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

<u>नववर्ष–2026</u>

नववर्ष 2026 के स्वागत को लेकर बड़ी संख्या में सैलानी हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थलों का रूख कर रहे हैं। राजधानी शिमला सहित राज्य के अन्य पर्यटन स्थलों में नए साल के जश्न को लेकर सैलानियों सहित अन्य लोगों में भारी उत्साह है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता–

*हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2025 को विदाई देने और नववर्ष 2026 के स्वागत के लिए पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों में सैलानियों की भारी आमद को देखते हुए प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। शिमला शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और सुरक्षा के लिए इंटीग्रेटिड ट्रेफिक मैनेजमेंट का इस्तेमाल किया जाएगा और सुरक्षा के दृष्टिगत 4 सौ से अधिक पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आज देर रात 12 बजे तक नए साल का जश्न मनाया जाएगा और पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए शहर में अधिकतर दुकानें मध्य रात्रि तक खुली रहेंगी। प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों*

*को नए साल पर ताज़ा बर्फबारी की उम्मीद है। हालांकि आज राज्य के अधिकतर स्थानों पर बादल छाए रहे और ऊँची चोटियों पर हल्का हिमपात भी हुआ है।*

*रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।*

नववर्ष बधाई

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को नववर्ष–2026 की शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि नव वर्ष आशाओं, साकारात्मक सोच और एक मजबूत स्वस्थ व समावेशी समाज के निर्माण के लिए सामुहिक संकल्प लेने का समय है। उन्होंने सभी से प्रदेश और राष्ट्र के कल्याण के लिए समर्पण व सौहार्द के साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में उम्मीद जताई कि नया साल सभी के जीवन में सुख शांति और स्मृद्धि लेकर आएगा।

इस बीच विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी नववर्ष के उपलक्ष्य पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2026 की बधाई दी हैं।

<u>अनुराग–धूमल</u>

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत की भू–राजनीतिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत हुई है और आने वाले समय में देश विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में निर्णायक भूमिका निभाएगा। नव वर्ष 2026 के उपलक्ष्य पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में भारत वैश्विक मंच पर नई ऊंचाईयों को छुंएगा। अनुराग ठाकुर ने उम्मीद जताई कि 2026 के बाद भारत न केवल आर्थिक रूप से बल्कि कूटनीतिक, तकनीकी और सामरिक दृष्टि से भी विश्व का मार्गदर्शक बनेगा। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने भी प्रदेशवासियों को नववर्ष–2026 की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नया वर्ष हमें बीते अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ने, सकारात्मक सोच बनाए रखने और निरंतर परिश्रम के साथ अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है।

<u>जयराम ठाकुर</u>

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार मॉडर्न टाउनशिप के नाम पर प्रदेश की ज़मीन अपने करीबी करोबारियों और मित्रों को देने की योजना बना रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार हिमाचल ऑन सेल के मिशन पर काम कर रही है और आए दिन हिमाचल को बेचने के रास्ते तलाश रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार टाउनशिप के नाम पर बद्दी के शीतलपुर में 3 हज़ार 4 सौ 85 बीघा जिस ज़मीन को अपने करीबियों को देने की तैयारी कर रही है उसका बीबीएन क्षेत्र के पारिस्थितिकी संतुलन में बहुत योगदान है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पच्छाद क्षेत्र के मोरनी हिल्स की माहोल जनोट पंचायत में एक सौ 34 बीघा में टाउनशिप के नाम पर बड़ा खेल हो रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ज़मीन की एनओसी को लेकर प्रशासन द्वारा पंचायतों पर दबाव बनाया जा रहा है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला शहर में भीड़–भाड़ को कम करने उद्देश्य से राज्य सरकार जाठिया देवी के पास नया शहर बसाने जा रही है। शिमला में आज उन्होंने कहा कि जाठिया देवी में प्रस्तावित सैटेलाइट टाउनशिप के लिए हिमुडा द्वारा 2 सौ 82 बीघा जमीन का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है। विक्रमादित्य सिंह ने आज उनसे मिलने आए स्थानीय प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि पहले से अधिग्रहित भूमि पर ही काम किया जाएगा और रिहायशी क्षेत्रों या किसानों की उपजाऊ ज़मीन पर स्थानीय सहमति के बिना कोई कदम नही उठाया जाएगा।

गौरतलब है कि जाठिया देवी में प्रस्तावित सैटेलाइट टाउनशिप को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है।

अनुकंपा नियुक्ति

प्रदेश सरकार ने अनुकंपा आधार पर नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे 2 सौ 2 पात्र आवेदकों को नियुक्ति प्रदान कर उन्हें नए वर्ष का तोहफा दिया है। इनमें शिक्षा विभाग में एक सौ 27 आवेदकों को श्रेणी–3 व श्रेणी–4 के पदों पर नियुक्त किया गया है। वहीं गृह विभाग में 74 आवेदकों को नियुक्तियां दी गई हैं, जिनमें 70 जेओए आईटी और श्रेणी–4 के चार पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अभियोजन विभाग में भी एक आवेदक को नियुक्ति प्रदान की गई है।

संजीवनी संस्था

स्वयं सेवी संस्था संजीवनी के एक प्रतिनिधिमंडल ने संस्था के अध्यक्ष महेंद्र धर्माणी की अध्यक्षता में आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें हाल ही में बिलासपुर जिला की बरमाणा पंचायत के लघट गांव में महिलाओं पर दर्ज मामलों को वापिस लेने की मांग प्रमुखता से रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को अवगत करवाया कि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले नागरिकों विशेषकर महिलाओं पर की गई कार्रवाई समाज में नकारात्मक संदेश देती है।